हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, गुरुवार 28 मई 2026

13 21 जून को जिला व ब्लॉक स्तर पर मनेगा 12वां अंतर...



14 53 अल्ट्रासाउंड सेंटर, 4 टीम गठित अनियमितताओं पर लाइसेंस...



क्लस्टर विकास योजना के तहत ये स्कूल अपने क्षेत्र में 'हब स्कूल' की निभाएंगे भूमिका

# हरियाणा सरकार का बड़ा फैसला : जिले के 11 सरकारी स्कूल बनेंगे 'मुख्यमंत्री एक्सीलेंस और अर्ली इंग्लिश स्कूल'

**सीएम ईईई स्कूलों में कक्षा पहली से अनिवार्य रूप से केवल अंग्रेजी माध्यम में ताकि बच्चों की नींव हो सके मजबूत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शिक्षा के स्तर को विश्वस्तरीय बनाने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं देने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय सरकार ने लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 250 सरकारी स्कूलों को 'मुख्यमंत्री एक्सीलेंस एंड अर्ली इंग्लिश स्कूल्स' (सीएम ईईई स्कूल) के रूप में विकसित करने की आधिकारिक घोषणा की है। इस योजना के तहत जिला महेंद्रगढ़ के भी 11 प्रमुख सरकारी स्कूलों का चयन किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इन स्कूलों को विशेष संसाधनों और नई व्यवस्थाओं के साथ संचालित किया जाएगा।

### स्कूलों की प्रमुख विशेषताएं और नए नियम

सीएम ईईई स्कूलों में कक्षा पहली से अनिवार्य रूप से केवल अंग्रेजी माध्यम में ताकि बच्चों की शुरुवाती नींव मजबूत हो सके। कक्षा दूसरी और आगे दो माध्यमः कक्षा दूसरी और उससे ऊपर की कक्षाओं में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों का कम से कम एक-एक सेक्शन अनिवार्य रूप से चलाया जाएगा। अधिसूचना लागू होने के साथ ही ये सभी विद्यालय पूर्ण रूप से सह-शिक्षा संस्थानों के रूप में काम करेंगे, जहां छात्र-छात्राएं एक साथ पढ़ेंगे। इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से सामान्य सरकारी फंड के अलावा किसी भी प्रकार की अतिरिक्त फीस या वित्तीय योगदान नहीं लिया जाएगा।

### क्या कहते हैं डीईओ



*जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि यह बहुत अच्छा निर्णय सरकार का है। प्रदेश के 250 सरकारी स्कूलों में से महेंद्रगढ़ जिला के 11 स्कूलों का चयन हुआ है। चयनित स्कूलों को 'मुख्यमंत्री एक्सीलेंस और अर्ली इंग्लिश स्कूल' का दर्जा दिया जाएगा।*

### भिवानी बोर्ड से ही रहेगी संबद्धता

*स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि अंग्रेजी माध्यम और आधुनिक सुविधाओं से लैस होने के बावजूद ये सभी स्कूल पहले की तरह हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से ही संबद्ध रहेंगे।*

### स्क्रीनिंग टेस्ट से होगी बेहतरीन शिक्षकों की तैनाती

शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति सीधे न होकर एक विशेष 'स्क्रीनिंग प्रक्रिया' के जरिए की जाएगी। यह व्यवस्था मॉडल संस्कृति और पीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर होगी।

### रिसोर्स हब के रूप में करेंगे काम

क्लस्टर विकास योजना के तहत ये स्कूल अपने क्षेत्र में 'हब स्कूल' की भूमिका निभाएंगे, जिससे आसपास के अन्य सामान्य स्कूलों को भी शैक्षणिक सहयोग और संसाधन साझा किए जा सकेंगे।

### जिले के इन स्कूलों का हुआ चयन

जारी सूची के अनुसार महेंद्रगढ़ जिले के विभिन्न ब्लॉकों से 11 राजकीय विद्यालयों को इस विशेष दर्जे के लिए चुना गया है। इसमें अटेली खण्ड से शहीद मान सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी कांटी व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोचड़िया, कनीना खण्ड से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाघोत व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुचावास, महेंद्रगढ़ ब्लॉक से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिगरोता, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुडाना व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली, खण्ड नांगल चौधरी से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक सेका व गांवड़ी जाट और खण्ड नारनौल से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक अजमाबाद मोखुता व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरियावास को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन शिविर 1 जून से 31 जुलाई तक

**नारनौल।** जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन एक जून से 31 जुलाई तक किया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सरकारी व प्राईवेट स्कूलों के बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए इस ग्रीष्मकालीन शिविर में नृत्य, ललित कला, पोस्टर मेकिंग व खेल गतिविधियों में तीरन्दाजी व ताइक्वांडो, आत्मरक्षा प्रशिक्षण आदि की कक्षाए लगाई जाएंगी।

### अपहरण मामले में एक और गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना अटेली पुलिस ने अपहरण, गंभीर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान संजय वासी कायसा थाना नीमराना राजस्थान के रूप में हुई। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए वारदात में इस्तेमाल की गई कैम्पर गाड़ी को पहले ही बरामद कर लिया था और चार आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अब तक कुल पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### नंगली बस अड्डे से 7.30 ग्राम चिट्टा सहित एक काबू

**नारनौल।** सीआईए महेंद्रगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ चिट्टा हेरोइन के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर बस अड्डा नांगली व प्राइमरी स्कूल नांगली के पास की गई। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम जब गश्त व जांच के दौरान बस अड्डा नांगली पर मौजूद थी, तभी एक गुप्त सूचना मिली कि नेहरू नगर निवासी यशपाल अपने पास नशीला पदार्थ लिए हुए किसी का इंतजार कर रहा है। यशपाल की तलाशी के दौरान उसकी दाहिनी जेब से एक पॉलिथीन में लिपटा हुआ नशीला पदार्थ बरामद हुआ, जिसकी पहचान चिट्टा हेरोइन के रूप में हुई। नशीले पदार्थ का कुल वजन 7.30 ग्राम पाया गया।

## प्रशासन ने दिया जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन

# 15 दिनों से पानी की सप्लाई ठप गुस्साए लोगों ने लगाया जाम





**नारनौल।** जाम लगाते मोहल्ला वासी व जाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

**भीषण गर्मी में जाम लगाने से वाहन चालक हुए परेशान**

भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट से परेशान लोगों का गुस्सा बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा। शहर के बावड़ीपुर मोहल्ले में पिछले करीब 15 दिनों से पानी की सप्लाई बंद होने से नाराज स्थानीय नागरिकों ने नारनौल-निजामपुर रोड पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने प्रशासन व जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द समाधान की मांग की। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित रहा। बाद में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम खोल दिया, जिससे यातायात दोबारा सुचारू हो सका। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लोगों का कहना था कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। भीषण गर्मी में पानी की भारी किल्लत के कारण लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### मौके पर पहुंची पुलिस

जाम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत और समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद सड़क पर यातायात सामान्य हो सका। फिलहाल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए हैं। वहीं स्थानीय लोग अब जल्द पानी की नियमित सप्लाई बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं।



**नांगल चौधरी।** टंकी की टोंटी पर दिनभर लगे रहे पानी के बर्तन।

### थनवास में पेयजल के इंतजार में रातभर टंकियों पर बैठी रही महिलाएं

नांगल चौधरी। थनवास गांव में पेयजल सप्लाई विभागीय अव्यवस्था में अटकी हुई है। परेशान महिलाएं मंगलवार की रात एक बजे तक सार्वजनिक टंकियों पर पानी का इंतजार किया। इसके बाद दिन में टोंटी पर बर्तन लगाकर छांया में बैठी दिखाई दी हैं। लंबे इंतजार के बाद देर शाम पानी पहुंचा, लेकिन 40 मिनट में ही सप्लाई बंद हो गई। जिस कारण महिलाओं में मारामारी तथा भगदड़ की स्थिति बनी रही। सरकार ने करोड़ों की लागत से गांव वाइज कैनाल बेस्ड पेयजल सप्लाई पहुंचाई है। इसके बाद प्रति व्यक्ति 70 लीटर पानी उपलब्ध कराने के मकसद से हर रसोई जल योजना क्रियावित की गई और प्रत्येक परिवार को नलकूप कनेक्शन दिया गया था।



**महेंद्रगढ़।** कार्यकारी अभियंता से मुलाकात करते हुए।

### पेयजल संकट को लेकर व्यापार मंडल ने कार्यकारी अभियंता से की मुलाकात

**महेंद्रगढ़।** शहर में बढ़ती गर्मी और पेयजल संकट को लेकर व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को को जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में कार्यकारी अभियंता अमित जैन से मुलाकात कर शहरवासियों की समस्याओं से अवगत कराया। व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण लोगों को पानी की भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई एक दिन छोड़कर की जा रही है, जिससे आमजन के साथ-साथ व्यापारियों को भी काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने बताया कि तापमान लगातार बढ़ रहा है और ऐसे में पानी की आवश्यकता भी अधिक हो गई है।



**मंडी अटेली।** बिहाली में आग की लपटे व आग को बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### बिहाली में आग लगने से ईंधन जलकर राख

**मंडी अटेली।** गांव बिहाली की अनुसूचित जाति बस्ती में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। जिससे कई परिवारों का ईंधन जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 व दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार बस्ती के ढुलीचंद, बुधराम, देवी, शांति, देव, कैलाश, रामौतार, सुरेश कुमार, सावित्री, बहादुर सिंह, दौलत, आशाराम, जसवंत आदि ने अपने प्लॉटों में ईंधन एकत्रित कर रखा था। दोपहर में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के कारण लपटें तेजी से फैल गईं जिससे ग्रामीणों के लिए आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि करीब 100 मीटर दूर स्थित एक मकान की छत पर रखे ईंधन को भी अपनी चपेट में ले लिया। बस्ती के पास आग लगने से लोग घबरा गए और परिवार के सदस्यों को साथ लेकर घरों से बाहर निकल आए।

### पूर्व महिला सरपंच पर 19.42 लाख हड़पने का आरोप, केस

**कनीना।** ग्राम पंचायत स्याना की पूर्व महिला सरपंच पूजा यादव के खिलाफ सरकारी धनराशि के गबन व धोखाधड़ी के आरोप में सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत व पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा नारनौल की जांच रिपोर्ट जारी होने के बाद की गई है। पूर्व सरपंच पर 194226937 की सरकारी राशि का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार ग्राम पंचायत स्याना में हुए विकास कार्यों के रिकॉर्ड, सामग्री खरीद बिल और मूल फाइलों की गहनता से बिंदुवार जांच की गई थी। जांच में पाया गया कि उक्त राशि का उचित हिसाब किताब नहीं दिया गया और सरकारी धन की वसूली के लिए पूर्व में जारी आदेशों का भी पालन नहीं हुआ। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा नारनौल के उप निरीक्षक युद्धवीर सिंह की ओर से सौंपी गई जांच रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पूर्व सरपंच पूजा यादव व ग्राम सचिव को नोटिस भेजकर जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था। इसके अलावा उनके पति से भी मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क कर पूरे मामले का विवरण साझा करने का अनुरोध किया गया था, लेकिन पूर्व सरपंच या उनकी तरफ से कोई भी व्यक्ति जांच में शामिल नहीं हुआ और न ही कोई स्पष्टीकरण दिया गया। थाना इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा व बीडीपीओ की शिकायत पर केस दर्ज कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बारे में बीडीपीओ राजेश जांगू ने बताया कि उन्हें विकास कार्यों में अनियमितताएं बरतने की शिकायत मिली थी। जिसकी जांच की गई, तो प्रकरण का खुलासा हुआ।

## सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों व सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत अंशकालिक कर्मचारी शामिल

# अब अंशकालिक कर्मचारियों के निधन पर भी मिलेगा 3 लाख का आर्थिक सहायता पैकेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

■ इससे पहले यह सुविधा केवल एडहॉक, दैनिक वेतनभोगी तथा अनुबंध आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के परिवारों को ही थी उपलब्ध

प्रदेश सरकार ने सामाजिक संवेदनशीलता और कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने अनुग्रह वित्तीय सहायता योजना का दायरा बढ़ाते हुए अब पार्ट-टाइम (अंशकालिक) कर्मचारियों के परिवारों को भी शामिल कर लिया है। इसके तहत सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत किसी अंशकालिक कर्मचारी के निधन होने पर उसके परिवार को तीन लाख की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार इससे पहले यह सुविधा केवल एडहॉक, दैनिक वेतनभोगी तथा अनुबंध आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के परिवारों को ही उपलब्ध थी। सरकार ने वर्ष 2014 में जारी निर्देशों की समीक्षा के बाद अब इस योजना का विस्तार करने का निर्णय लिया है।

सरकार का मानना है कि पार्ट-टाइम कर्मचारी भी लंबे समय तक विभिन्न सरकारी संस्थानों में महत्वपूर्ण सेवाएं देते हैं और उनके निधन के बाद परिवार को आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह सहायता संकट की घड़ी में परिवारों के लिए सहारा बनेगी। इस संबंध में राज्य के सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, उपायुक्तों, विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों, बोर्डों एवं निगमों के प्रमुखों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

सरकार ने आदेशों का 'लेटर एंड स्पिरिट' में पालन सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि पात्र परिवारों को समय पर सहायता मिल सके। कर्मचारी संगठनों और सामाजिक संगठनों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे मानवीय एवं कल्याणकारी कदम बताया है। उनका कहना है कि अस्थायी और अंशकालिक कर्मचारियों के परिवार अक्सर आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं, ऐसे में यह सहायता उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय राज्य सरकार की कर्मचारी हितैषी नीति को दर्शाता है।

शोक संदेश



स्व. श्री राजेन्द्र सिंह यादव जी
(पूर्व डी.आई.जी.)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारे पूजनीय श्री राजेन्द्र सिंह यादव जी (पूर्व डी.आई.जी.) का स्वर्गवास
दिनांक 24 मई 2026 को हो गया।
उनकी आत्मा की शांति हेतु उठावना एवं शोक सभा का आयोजन
दिनांक 28 मई 2026 को अपराह्न 3:00 बजे से 4:00 बजे तक किया जाएगा।

शोकाकुल परिवार

- पत्नी : श्रीमती कमलेश यादव
- बेटा : हर्ष यादव
- भाई : श्री दिलावर सिंह यादव (सेवानिवृत्त मैनेजर)
- परिवार सदस्य : मिलन यादव, तरूण यादव
- नाती : अवनी यादव, अथर्व यादव एवं समस्त यादव परिवार

सभा स्थल

मार्केट कमेटी के नजदीक
आर.एस. निवास, कनीना

॥ ॐ शांति ॥

## खबर संक्षेप



### एकादशी के पावन अवसर पर लगाई छबील

**नारनौल।** एकादशी के पावन अवसर पर बच्चों ने मोहल्ला न्यू कॉलोनी जमालपुर स्थित बैंक के सामने ठंडे शरबत की छबील लगाई। डॉ राहुल शर्मा ने बताया कि बच्चों ने पॉकेट मनी से पैसे बचाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। इस नेक कार्य की समस्त मोहल्ला वासियों ने सराहना की व बच्चों ने समाज को इस गर्मी में सबकी मदद करने का संदेश दिया। इस मौके पर मनीष, तन्मय, आदित्य, राघव, यश, वंश, गिवेश आदि उपस्थित थे।

### आर्या वीरांगना चरित्र निर्माण शिविर 31 को

**नांगल चौधरी।** सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में 31 मई को सात दिवसीय आर्या वीरांगना चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव व श्रीकृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य वेदपाल यादव करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान धर्मबीर आर्य करेंगे, जिसमें छात्राओं को आपात परिस्थितियों में आत्मरक्षा करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 31 मई की सुबह आठ बजे हवन करके शिविर का शुभारंभ किया जाएगा।

### गोशाला को तीन बड़े कूलर भेंट किए

**नारनौल।** गोसेवा मंडल के सहयोग से अतर सिंह यादव व उनकी पत्नी रामरति यादव फरीदाबाद ने तीन बड़े कूलर गोमाताओं की सेवा हेतु भेंट किए। इनमें एक कूलर कुलताजपुर गोशाला, दूसरा श्री उपचार गोशाला व तीसरा श्री अनाथ गोशाला में दान स्वरूप दिए। मंडल संस्थापक मुकेश वालिया ने कहा कि गोसेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार गोमाताओं की सेवा में सहयोग देना चाहिए।

## आईटीआई मैदान में सजेगा जिला स्तरीय योग उत्सव

# 21 जून को जिला व ब्लॉक स्तर पर मनेगा 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

- अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पवारिया ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** योग दिवस के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। *फोटो : हरिभूमि*

जिले में 12वां अंतर राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भव्य और गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। इस बार जिला स्तरीय मुख्य योग कार्यक्रम नारनौल के आईटीआई मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसी विषय को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पवारिया ने लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। एडीसी ने बताया कि यदि मौसम खराब होता है या बारिश आती है, तो इसके लिए वैकल्पिक तौर पर सभागार भवन को आरक्षित रखा गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय रहते पुख्ता इंतजाम करने के कड़े निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस पर रिकॉर्ड भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में लगभग हजारों लोग एक साथ योग करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी तरह प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर भी भव्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जहां हजारों की संख्या में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। ब्लॉक स्तर के कार्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाने के लिए संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो अपने स्तर पर कमेटियां गठित कर व्यवस्थाएं संभालेंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस सफर को आम जनमानस से जोड़ने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत मई महीने में ही जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के शारीरिक शिक्षकों, डीपीई और पीटीआई को नारनौल व महेंद्रगढ़ में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आगामी आठ से 10 जून के बीच जिले के प्रत्येक गांव में सरपंचों के सहयोग से योग जागरण यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके तुरंत बाद 11 से 13 जून तक जिला मुख्यालय को छोड़कर सभी ब्लॉकों जैसे महेंद्रगढ़ के हुड्डा पार्क, अटेली के राजकीय महिला महाविद्यालय मैदान, नांगल चौधरी की नई अनाज मंडी, सिहमा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कनीना के पीकेएसडी कॉलेज, निजामपुर व सतनाली के बीडीपीओ कार्यालय परिसरों में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, पुलिसकर्मियों और आम जनता के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। इस अवसर पर डीएसपी डॉ. कविता, आरएफओ रजनीश कुमार, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला, डीडीपीओ प्रमोद कुमार, आईटीआई प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल, आयुष विभाग से डॉ. सतीश के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### 20 जून को होगी फाइनल रिहर्सल

*इस मुहिम को और गति देने के लिए 15 जून को एक विशाल योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी मुख्य संयोजक होंगे। इस मैराथन में स्कूल, कॉलेज, गुरुकुल, योग संस्थाएं, पुलिस, एनसीसी, एनएसएस व नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर्स योग के नारों वाली पट्टियां और बैनर लेकर चलेंगे। इसके बाद 16 से 18 जून तक आईटीआई में मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय विशेष योग शिविर लगेगा। 19 जून को बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल पटीकरा के परिसर में आयुष विश्वविद्यालय और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के सहयोग से योग संगोष्ठी का आयोजन होगा। मुख्य आयोजन से ठीक एक दिन पहले यानी 20 जून को सुबह ठीक सात बजे आईटीआई मैदान में फाइनल रिहर्सल की जाएगी, ताकि 21 जून को सुबह पौने छह बजे से होने वाले मुख्य कार्यक्रम में कोई कमी न रहे।*



**नारनौल।** पौधरोपण अभियान के संबंध में बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी।

# पर्यावरण संरक्षण सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी मानसून के मौसम में जिले को पर्यावरण के क्षेत्र में एक नई पहचान देने के लिए एक बड़े स्तर पर महा पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी अभियान की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण और जिले के हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के साथ मिलकर एक ठोस रणनीति तैयार की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम कुमारी ने स्पष्ट किया कि मानसून की पहली फुहार के साथ ही पूरे जिले में बड़े पैमाने पर पौधारोपण का काम शुरू कर दिया जाएगा। पर्यावरण को बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारा ध्यान केवल पौधे लगाने की संख्या पर ही नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा, नियमित पानी और देखभाल पर भी रहेगा। अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए सचिव ने सभी विभागों के लिए अलग अलग कार्ययोजना तय की है। शिक्षा विभाग की ओर से जिले के सभी स्कूलों और कॉलेज परिसरों में विद्यार्थियों के माध्यम से पौधरोपण करवाएगा।

### खाली जमीनों पर चलाएंगे अभियान

पंचायत विभाग की ओर से गांवों की शामलात पंचायती भूमि, रास्तों व खाली जमीनों पर ग्रामीणों, सरपंचों की मदद से सघन पौधरोपण अभियान चलाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले की सभी आंगनबाड़ियों व महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इस अभियान को घर घर तक पहुंचाएगा।

# जन्मदिन पर हुए विभिन्न सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** बिहाली गोशाला में गायों को गुड़ खिलाते कुलदीप यादव।

खंड अटेली नांगल के पूर्व प्रधान सरपंच एसोसिएशन एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा हरियाणा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप यादव के 41वें जन्मदिन के अवसर पर अटेली क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक व जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में क्षेत्र के लोगों की भागीदारी भी देखने को मिली और दिनभर सेवा गतिविधियों का क्रम जारी रहा। कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह करीब 10 बजे राजकीय अस्पताल अटेली से हुई, जहां मरीजों व अस्पताल स्टाफ की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एयर कंडीशनर, कुर्सियां, गमले, पौधे तथा अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए। इस पहल से अस्पताल में आने वाले मरीजों को गर्मी से राहत मिलेगी। इसके बाद 11 बजे नारनौल स्थित रोटरी क्लब में जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोपहर करीब एक बजे गांव बिहाली की गोशाला में गायों के लिए सवामणी लगाई गई। इस अवसर पर गोशाला समिति को 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई तथा वहां कार्यरत कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कांटी खेड़ी व भोजावास की गोशालाओं में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### शिविर में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**नारनौल।** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से सरस्वती स्कूल पुल बाजार में चल रहे पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर के तीसरे दिन बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। शाखा अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण के पंचसूत्र पर आधारित यह शिविर महिला संयोजिका सुचेता गोगिया व शाखा सचिव संदीप शुक्ला की देखरेख में सुचारू रूप से चल रहा है।शिविर में योग शिक्षिका सरोज कश्यप बच्चों को योग व प्राणायाम के लाभ बता रही हैं। वहीं देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य की बारीकियां डांस प्रशिक्षक बलवंत सैनी सिखा रहे हैं। मेहंदी कला का प्रशिक्षण मीरा की ओर से दिया जा रहा है। आर्ट एंड क्राफ्ट में श्रेया बोहरा बच्चों को वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाना व चित्रकला के नए गुर सिखा रही हैं। शाखा अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कारों के साथ रचनात्मक कौशल का विकास करना है।

# अभिभावकों ने बच्चों की प्रगति जानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** पीटीएम में भाग लेते अध्यापक व अभिभावक। *फोटो : हरिभूमि*

श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में बुधवार को सत्र प्रथम अभिभावक व अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा छठी से 12वीं तक के लगभग 1030 अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों के शैक्षणिक स्तर, अनुशासन, गतिविधियों व प्रगति की जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य वेदपाल यादव ने बताया कि पीटीएम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों व अध्यापकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर व जिम्मेदार बनाना है। चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने अध्यापकों से विद्यार्थियों के साथ समान व सकारात्मक व्यवहार रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में विशेष प्रतिभा होती है, जिसे सही मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के माध्यम से निखारा जा सकता है। उन्होंने पीटीएम में पहुंचे सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि संस्था भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

उप प्राचार्य संदीप खैरवाल ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जा रही है, ताकि विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

# बच्चों की प्रतिभा की सराहना

- कार्यक्रम में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** बैठक में उपस्थित अभिभावक। *फोटो : हरिभूमि*

इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर में अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और बच्चों की प्रतिभा की खुलकर सराहना की। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियां, व्यवहार, अध्ययन स्तर एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों को दी। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की शिक्षा और विद्यालय द्वारा दिए जा रहे संस्कारों पर संतोष व्यक्त किया। कई अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय बच्चों की गुणवत्ता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस मौके पर संस्था चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव, उप चेयरमैन विजय सिंह यादव, निदेशक केसी यादव, प्राचार्य जयवीर सिंह यादव व उप प्राचार्य वीर सिंह यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### बीआर स्कूल में हुई अभिभावक-शिक्षक बैठक

**महेंद्रगढ़।** बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेहलंग में बुधवार को विद्यार्थियों की यूनिट टेस्ट परीक्षा के परिणाम घोषित करने एवं अभिभावकों से चर्चा करने के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया तथा अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं व्यवहार के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के शिक्षकों एवं कक्षा अध्यापकों द्वारा अभिभावकों को विद्यार्थियों के यूनिट टेस्ट परीक्षा परिणाम के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करवाया गया तथा कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग शैक्षणिक सुझाव दिए गए। विद्यार्थियों को दिए जाने वाले ग्रीष्मकालीन गृहकार्य के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि अभिभावकों एवं विद्यालय के संयुक्त प्रयासों से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि केवल विद्यालय के भरोसे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल नहीं बनाया जा सकता, बल्कि अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है।



**महेंद्रगढ़।** बैठक के दौरान अभिभावकों से चर्चा करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय निंबी में मरीजों की हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** मरीज की जांच करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय निंबी में शरीर दर्द, सर्वाइकल, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सिर दर्द एवं घुटनों के दर्द जैसी समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति से प्रभावी एवं स्थायी उपचार किया जा रहा है। चिकित्सालय में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपचार लेकर लाभान्वित हो रहे हैं। इस संबंध में चिकित्सालय में कार्यरत डॉ. सुमन कुमारी एमएस(एएमओ) ने बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति द्वारा अग्नि कर्म, मर्म चिकित्सा एवं अन्य पारंपरिक विधियों से मरीजों का सफल उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक पद्धति से किया गया उपचार शरीर को जड़ से स्वस्थ करने में सहायक होता है तथा इसका प्रभाव स्थाई रहता है। उपचार के दौरान योग सहायक सुनील कुमारी द्वारा मरीजों को विभिन्न योगासन एवं व्यायाम भी करवाए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को शीघ्र राहत मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र के अनेक मरीज उपचार प्राप्त कर स्वस्थ होकर संतोष एवं गौरव का अनुभव कर रहे हैं। चिकित्सालय प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं योग पद्धति का लाभ उठाने की अपील की है।

## सरकारी मान्यता प्राप्त बीजों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना सरकार का मुख्य लक्ष्य

# कपास किसानों को खुशहाल बना रही सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत मिलेगी भारी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने, कपास यानी नरमा की पैदावार बढ़ाने और खेती की आधुनिक तकनीकों को गांव गांव तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन फसलें योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत कपास उगाने वाले किसानों को सरकार की तरफ से भारी आर्थिक सहायता यानी अनुदान दिया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में कपास के रकबे को बढ़ाना, खेती के उन्नत तौर तरीकों को बढ़ावा देना, मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में सुधार करना और किसानों को फसलों का सही दाम दिलवाना है। इसके साथ ही प्रमाणित यानी सरकारी मान्यता प्राप्त बीजों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना भी सरकार का मुख्य लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि यह योजना राज्य के चुनिंदा जिलों में लागू की गई है, जिसमें भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, जींद, महेंद्रगढ़, पलवल, सिरसा, रेवाड़ी, चरखी दादरी, रोहतक और झज्जर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लाभ लेने के लिए इच्छुक किसानों को सबसे पहले मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना होगा और इसके बाद कृषि विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपनी कपास की फसल का पूरा ब्यौरा देना अनिवार्य होगा। योजना के तहत एक किसान को अधिकतम ढाई एकड़ तक की जमीन पर ही इस छूट का लाभ मिल सकेगा। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने कुल बजट का 20 प्रतिशत हिस्सा अनुसूचित जाति के किसानों, महिला किसानों तथा छोटे व सीमांत यानी कम जमीन वाले किसानों के लिए सुरक्षित रखा है।

### फसल व मिट्टी के बचाव पर मिलने वाली छूट

*फसलों को बीमारियों से बचाने, जैविक कीटनाशकों, औषधियों के छिड़काव तथा खरपतवार यानी नदीन को खेत से खत्म करने के लिए सरकार द्वारा विशेष मदद दी जा रही है। इस कार्य के लिए किसानों को खरीफ सीजन में 200 रुपये प्रति एकड़ या फिर उनकी कुल लागत का 50 प्रतिशत, दोनों में से जो भी राशि कम होगी, वह अनुदान के रूप में दी जाएगी।*

### सामूहिक प्रदर्शनी पर मिलने वाली सहायता

खरीफ के इस सीजन में खेतों में उन्नत तकनीकों के प्रदर्शन और एकीकृत फसल प्रबंधन के लिए किसानों को 3200 रुपये प्रति एकड़ की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा देसी और लंबी कतरन वाली कपास की प्रदर्शनी पर 3600 रुपये प्रति एकड़ मिलेंगे, जबकि कपास के साथ दूसरी फसल यानी अंतर फसल उगाने पर 3200 रुपये प्रति एकड़ की छूट मिलेगी। वहीं अधिक पौधों वाली सघन खेती तकनीक के परीक्षण के लिए सरकार द्वारा 4000 रुपये प्रति एकड़ की भारी सहायता दी जाएगी।

# श्रीप्राणनाथ जी मंदिर में हुई ब्रह्मकथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** कथा सुनती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

शहर के बड़ा गुरुद्वारा के पास स्थित श्रीप्राणनाथ जी मंदिर गुरुनानकपुरा के प्रांगण में दो दिवसीय पार ब्रह्मकथा का भव्य समापन हुआ। इस दौरान भक्तजनों ने भक्तिमय संकीर्तन कर विश्व मंगल की कामना की। विश्व मंगल कामना को लेकर आयोजित इस दो दिवसीय परमपिता परमात्मा पार ब्रह्मकथा के अंतिम दिन महिला मंडल की ओर से विशेष सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने भजनों पर झूमते नाचते हुए प्रभु से मनुष्य मात्र के कल्याण और सत्संग के माध्यम से आत्म साक्षात्कार की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की संयोजिका विमलेश ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार ब्रह्म के इस अलौकिक ज्ञान को पा लेने मात्र से ही जीव इस भवसागर से पार हो जाता है और उसे परम मुक्ति मिल जाती है। यह वह गूढ़ ज्ञान है, जिसका उत्तर देने में आज बड़े बड़े पंथ, पंडे और आचार्य जन भी असमर्थ हैं। इस दिव्य ज्ञान को प्राप्त करने के लिए आज भी कई ऋषि मुनि व साधक कठिन तपस्या कर रहे हैं।

हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार 28वें कलयुग में जब शाका शालिवान 1600 तथा विक्रम संवत 1735 हुआ, तब विजयाभिनन्द बुद्ध निष्कलंक अवतार श्रीप्राणनाथ जी महाराज इस धरा पर अवतरित हुए। वे अपने साथ इसी अलौकिक ज्ञान को लेकर आए, जिससे कलयुग की तामसी शक्ति को समाप्त कर संसार के समस्त प्राणियों को वह अखण्ड मुक्ति प्रदान की जा सके, जो आज दिन तक कोई अन्य नहीं दे पाया।

मंडल के वरिष्ठ सदस्य सुधीर शर्मा ने कहा कि श्री प्राणनाथ जी का स्वरूप ज्ञान का वह साक्षात सूर्य है, जिसके उदय होने पर अध्यात्म जगत में किसी भी प्रकार का अंधकार रूपी संशय शेष नहीं रहा। इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में सुधीर शर्मा राजू, कृष्णा देवी, बाला, पूजा बहन, रितु, राधा, रीटा, रुचि कटारिया, बेबी, सीतू, लक्ष्मी, अनीता आदि उपस्थित रहे।



### रेलवे स्टेशन पर लगाया शीतल जल वाटर कूलर

**नारनौल।** व्यापार मंडल के प्रवक्ता बद्रीप्रसाद गर्ग व उनकी पत्नी राजबाला गर्ग ने स्वर्गीय पिता सोहनलाल गर्ग व स्वर्गीय माता नर्मदा देवी की पावन पुण्य स्मृति में एक पुनीत कार्य किया है। गर्ग परिवार की ओर से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों के लिए शीतल जल के वाटर कूलर की व्यवस्था की गई। इस वाटर कूलर का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्टेशन मास्टर महावीर प्रसाद व सीनियर इंजीनियर जितेंद्र कुमार ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर सत्यनारायण गुप्ता, विनय कुमार गोयल एडवोकेट, दुलीचंद शर्मा प्रधान, रामसिंह मधुर प्रधान, राजेश यादव, रेलवे चौकी इंचार्ज एसआई रमेश कुमार, भारत तायल, बजरंग लाल गुप्ता, सुरेश कंछल, कृष्ण कंछल, शंकर लाल दवाई वाले, रोहतास कुमार गोयल, अरुण नूनीवाला, हीरालाल मित्तल छापड़ा वाले, राकेश गोयल, पप्पू, रविंद्र गर्ग, कृष्ण मुनीम आदि मौजूद थे।

